Title: Need for early conversion of Pachora-Jamner narrow-gauge rail line into broadgauge in Maharashtra − laid

श्री वाई.जी.महाजन (जलगांव): मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव में मध्य रेलवे पर पाचोरा-जामनेर मार्ग पर छोटी रेल लाईन (नैरोगेज) है। जलगांव जिले के पाचोरा तथा जामनेर ये दो महत्वपूर्ण तहसील इस रेल लाईन से जुड़े हुए हैं, तीन वर्ा पूर्व इस छोटी रेल लाईन को ब्रॉड गेज लाईन में परिवर्तित करने हेतु सर्वेक्षण कार्य रेल मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था। इस छोटी रेल लाईन को बड़ी रेल लाईन (ब्रॉडगेज) में परिवर्तित करके जामनेर से आगे बोदवड तक बढ़ाने की काफी आवश्यकता है। इससे इस क्षेत्र का विकास होगा। यहां पर विश्व-प्रसिद्ध अजंता गुफाएं इस रेल लाईन के पहूर स्टेशन से सिर्फ 30 कि.मी. की दूरी पर है। अगर इस छोटी रेल लाईन को बड़ी रेल लाईन (ब्रॉडगेज) में परिवर्तित किया जाता है तो देश-विदेश के पर्यटकों को अजंता जाने के लिए सुविधा हो सकती है। इस क्षेत्र में कपास की बहुत अधिक पैदावार होती है, लेकिन छोटी रेल लाईन होने के कारण व्यापारियों तथा किसानों एवं आम नागरिकों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि जनहित में मध्य रेलवे के भुसावल मण्डल के अन्तर्गत पाचोरा-जामनेर छोटी रेल लाईन को बड़ी रेल लाईन (ब्रॉडगेज) में परिवर्तित करने के लिए उचित कार्यवाही करने का कट करें।